500 Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५००रू. Rs500

पाँच सौ रूपया FIVE HUNDRED RUPEES

CANCELLED

।श्री।

।।विक्रयपत्र बाबत भूमि स्थित ग्राम नेऊगुराड़िया ते.महू से.नं ६० ।।

पंचायतक्षेत्र- आंबाचन्दन   ब्लाक- महू

कीमत रूपये - २७०००, सत्ताईसहजार रूपये चूकते पेश्तर मै घरपर लेलिये हैं।
व बाजारमूल्य

स्टाम्प रूपये- २०२५,

बबनचन्द्र पिता शंकरराव बोराड़े जाति मराठा

निवासी नेऊगुराड़िया हाल मु. इन्दौर -- बिक्रीदार

--और--

मदनलाल पिता घासीरामजी जाति कुलमी

निवासी कोदरिया ते.महू जिला इन्दौर -- खरीददार

मै बिक्रीदार यह विक्रयपत्र भूमि का लिख देता हूं कि निम्न लिखित सर्वे नंबरो व क्षेत्रफल वाली भूमि ग्राम नेऊगुराड़िया ते.महू स्थित की मेरी मालकी व कब्जे की मेरे हिस्से व कब्जे वालीआपसी बटवारे के मान से है। यह भूमि मेरी भूमिस्वामी स्वत्वों की है। मेरे शामलातदार खाते पर नामांकित हैं किन्तु हमारा आपसी तोर से बटवारा मोके पर भूमि को है और निम्न वर्णित भूमि मेरे हिस्से व कब्जे वाली भूमि है।

इस भूमि मे मेरे सिवाय अन्य किसी का कोई भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा या शरकत नही है। और किसी का भी कोई पदखल किसी प्रकार का नही है।

500 Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५००रू. Rs500

भारत

पाँच सौ रूपया FIVE HUNDRED RUPEES

फिलहाल यह भूमि हर प्रकार के गिरवी, बिक्री, दान, जमानत, ऋण, मेन्टेनेन्स के चार्ज, तकाबीऋण, बैंकों के ऋण, अन्य किसी के सौदे, कब्जे वगैरह से शुद्ध व पवित्र स्थिति मे है।

चूंकि मुझ से खेती का कार्य बनता नही है और आजकल मै गांव पर रहता भी नही हूं। मै इन्दौर मे रहता हूं और अपना रोजगार धंधा करता हूं। इसलिये नेऊगुराड़िया स्थित निम्न वर्णित भूमि खरीददार मदनलालजी को रू २७०००, सत्ताईस हजार रूपयों मे विक्रय करने का सौदा किया और यह कीमत बाजार मूल्य से बहुत अच्छी कीमत मुझे मिली है। एवं कीमत के चूकते रू २७०००, सत्ताईस हजार रूपये मैने घर पर ही नगदी पेश्तर मे लेकर प्राप्त कर लिये है। जिनका मिलना मै स्वीकार करता हूं। अब इस विक्रयपत्र के रजिस्ट्रेशन के समय श्रीमान् सब रजिस्ट्रार साहब के समक्ष कुछ भी एक पैसा तक लेना बकाया नही रह गया है।

अत: इंद्रियों के स्वस्थ व स्थिर बुद्धि कीअवस्था मे अपनी इच्छा और प्रसन्नता से बगैर किसी के दबाव या रूचि दिलाने आदि के नीचे लिखी सर्वे नंबरों व क्षेत्रफल वाली ग्राम नेऊगुराड़िया स्थित भूमि अमला इस भूमि से संबंध रखने वाले समस्त स्वत्व व अधिकारों के सहित किसी वस्तु या स्वत्व को छोड़े बिना खरीददार को विक्रय की व बेची और बेचीगई भूमि पर खरीददार को अपनी तरह पूर्ण रूप से भूमिस्वामी अधिपति मालिक बना दिया व अपना हर प्रकार का स्वत्व व अधिकार बेची गई भूमि पर से उठा लिया।

25
17/6/75 श्री मदनलाल घासीराम, [illegible]
[illegible] बिक्री के लिए
[illegible]

सब ट्रेजरी ऑफिसर
[illegible] (बु.प्र.)

[illegible]

[illegible]

26 [illegible]

[illegible]

[illegible]

18 JUN 1975

[illegible]

500 Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५०० रू. Rs 500

भारत

पाँच सौ रूपया FIVE HUNDRED RUPEES

मैने यह भूमि वैध आवश्यक्ता के लिये बेची है। क्यों कि मै मेरे परिवार का सब से बड़ा पुरूष सदस्य होकर परिवार का कर्ता व मेनेजर हूं। इस हैसियत से भीयह विक्रय किया है। और परिवार के हित के लिये धंधे के निमित्त मुझे रूपयों की जरूरत है। एवं नेउग्गुराड़िया की इस असिंचित भूमि से मुझे विशेष लाभ नही मिलता है, इसलिये इसभूमि को विक्रय करना हितकर होने से वैध आवश्यक्ता के लिये वैध रूप से यह भूमि मैने क्रेता को अच्छी कीमत मे बेची है।

अब यदि मेरा कोई साजी या शरीक वारिस आदि पैदा होकर किसी किस्म का दावा बेची गई भूमि के प्रति करे तो मै उसका उत्तरदाता हूं। मेरे साजी या शरीक वारिस आदि के दावा करने से या मेरे अधिकार-दोष के कारण अथवा अन्यकिसी भी कारण से समस्त बेची गई भूमि या उसका कोई भाग खरीददार के कब्जे और अधिकार से निकल जावे या इस प्रकार के किसी दावा करने से या किसी भार या ऋण के कारण कुछ रूपया खरीददार को अदा करना पड़े तो उन्हें अधिकार होगा कि वे विक्रय का चूकता रूपया लगा हुवा रूपया और व्यय व हानि जो उठानी पड़े वह सब बेचीगई भूमि से मुझ विक्रेता से स्वत: से व मेरी दीगर किसी भी प्रकार की जायदाद से जिस प्रकार भी हो सके वसूल करले। इसमे कोई विरोध नही होगा।

कब्जा सदर बेची गई भूमि का मौके पर खरीददार को सुपुर्द कर चुका हूं। अब खरीददार अपने वंशपरंपरा तक अपनी इच्छानुसार मोल ली हुई भूमि का उपभोग व उपयोग लेवे।

B. J. Balode

500 Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५००रू. Rs 500

भारत

पाँच सौ रुपया FIVE HUNDRED RUPEES

बेचीगई भूमि का विवरण निम्नानुसार है:-

यह भूमि ग्राम नेउगुराड़िया ते.महू मे स्थित है। यह भूमि असिंचित है।

सर्वे नं.	रकबा	लगान
३४ पैकि	.४-६०२	५१-७७

इस भूमि के विक्रय करने से विक्रेता को और मोल लेने से क्रेता को सीलिंग एक्ट की बाधा नही आती है। अब खरीददार को अधिकार होगा कि वह मोल ली हुई भूमि पर अपना नामान्तरण करवाले ।

नामान्तरण की कार्यवाही मे मै विक्रेता पूर्ण सहयोग करूंगा । व इस के लिये सदा बाध्य रहूंगा । व बटे नंबर कार्यवाही भी पूर्ण करा दूंगा ।

यह विक्रयपत्र व इस की तमाम शरतें मुझ विक्रेता के समान मेरे वारिसों आदि पर समान रूप से बन्धनकारक रहेंगी व आप क्रेता के समान आपके वारिसों को इसके अधिकार व लाभ समान रूप से प्राप्त रहेंगे ।

मुझ पर इस भूमि संबन्धी कोई शासकीय तोजी आदि द्रव्य भी देना शेष नही है।

B.S. Bchal

25 R

पच्चीस रुपया

२५रु. भारत INDIA 25Rs

TWENTY FIVE RUPEES

अत: यह विक्रयपत्र भूमि का आज दि १८ जून १९७५ ई को महू मे लिखवा कर इस मे लिखा विवरण पढ़कर समझ कर रु० कीमत के इकट्ठे रुपये २७०००, सत्ताईस हजार रुपये पेश्तर मे घर पर ही मिलना स्वीकार कर के सही की इसमे लिखा विवरण सही होना मंजूर कर के सही की है, ताकि प्रमाण रहे।

लेखक:- मोहनलालशर्मा
ला०डाक्यूमेन्ट रायटर, महू

सही-विक्रीदार

B. S. Barole

गवाह:- नारायणसिंग

गवाह:- बंशीलाल

[1] Name of document writer - ...
[2] Licence No. ......5......
[3] Place of practising of the document writer.
Mhow Distt. Indore.
[4] Name of Employer ...... Choti bai
[5] S. No. of the Register 193
With date ...18-6-75
6) Fee Charged Rs. 6/-

Signature of
Document writer ...

18 JUN 1975

आज अर्थात .... बजे १९

१९७० की पुस्तक क्रमांक ...1...

खंड 2667 ... पृष्ठ ...

.... क्रमांक ... 322 .

पर रजिस्ट्री किया गया।

उप-पंजीयक

मध्य-प्रदेश

212 = 00

90 = 00

302 = 00

SUB REGISTRAR
MHOW (M.P.)